तापमान

अधिकतम 26.6 डिग्री
न्यूनतम 7.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 फरवरी 2025



11 धर्म, नैतिकता का संदेश देती है रामायणः चम्मन नाथ





12 स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ




## खबर संक्षेप

### थाना कलां में तीन युवकों के साथ मारपीट

**खरखौदा।** थाना कलां गांव में खरखौदा से एक शादी में शामिल होने गए लोगों को हमलावर युवकों ने पीटकर घायल कर दिया। वार्ड नंबर दो निवासी पवन ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ थाना कलां गांव में एक शादी में गए हुए थे। शादी समारोह में भोलू व हंसे के साथ किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई। जब वह अपने घर जाने के लिए वहां से निकले तो भोलू, हंसे ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन पर कांच की बोतल, लोहे की रॉड व अन्य धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। जिसमें वह, अनिल, रविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जब वहां पर भीड़ इकट्ठा हो गई तो हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### ट्रांसमिशन का सामान चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में ट्रांस रेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी के मेरठ-भिवानी लाइन एससी से नरेला सब-स्टेशन तक चल रहे पावर ग्रिड ट्रांसमिशन लिमिटेड प्रोजेक्ट से चोर सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। प्रयागराज यूपी हाल में सब्जी मंडी सांपला निवासी संतोष पांडे ने बताया कि वह कंपनी के सहायक प्रबंधक के तौर पर तैनात है। मंगलवार रात को नसीरपुर बांगर, झज्जर-झज्जर-मेरठ हाईवे के नसीरपुर बांगर गांव के पास टावर के पाट्‌र्स उतारे जा रहे थे। सुरक्षा के लिए चौकीदार चमन सदा और बाल बिहारी सिंह तैनात थे। रात को चौकीदार दूसरी लोकेशन पर चले गए। वापस आए तो नसीरपुर की लोकेशन से टावर क्लीट प्लेट के छह बंडल गायब मिले।

### वाहन की चपेट में आने ये युवक की मौत

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दिल्ली-पानीपत सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को चपेट में ले लिया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई रोहतक में घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान के प्रयास कर रही है।

# कवि सम्मेलन आज, खूब सजेगी हंसी की महफिल

## ■ हरिभूमि का 8वां कवि सम्मेलन जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में शाम 5 बजे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक हरिभूमि द्वारा 8वें कवि सम्मेलन का आयोजन जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में किया जा रहा है। शनिवार को शाम 5 बजे शुरू होने वाले कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

### प्रसिद्ध कवि देंगे प्रस्तुति

कार्यक्रम में पांच कवियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें से तीन कवि तो हास्य रंग से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देंगे। जिसका सीधा सा मतलब है कि कवि सम्मेलन में खूब हंसी के फव्वारे फूटेंगे। कवि सम्मेलन में गीतकार दिनेश रघुवंशी, श्रृंगार रस की कवियित्री डॉ. कीर्ति काले, हास्य रंग के कवि दिनेश बावरा, हास्य व्यंग्य के गोविंद राठी और हास्य कवि अनिल अग्रवंशी अपनी प्रस्तुति देंगे।



दिनेश रघुवंशी | डॉ. कीर्ति काले | दिनेश बावरा | गोविंद राठी | अनिल अग्रवंशी

### ये हैं सहयोगी

पीएनबी किचनमेल, जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, कृष्णा चैरिटेबल सोसायटी, दिवान चैरिटेबल ट्रस्ट और जनता टीवी के सहयोग से आयोजित किए जा रहे इस कवि सम्मेलन में ब्राइट स्कॉलर स्कूल, गेटवे एजुकेशन, ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिहैब सैंटर, बहालगढ़ स्टील उद्योग, ऑस्कर अस्पताल, शिवा शिक्षा सदन, साउथ पॉइंट, मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स, अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल, ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल भी एसोसिएट स्पॉन्सर हैं।

# नेशनन जूडो में लक्की ने रजत जीता



**सोनीपत।** देहरादून में 9 से 14 फरवरी तक नेशनल गेम्स सम्पन्न हुए हैं। जिसमें इंडियन स्कूल जूडो एकेडमी के लक्की ने 60 किलोग्राम में भाग लेकर रजत पदक प्राप्त किया है। जूडो खिलाड़ी लक्की ने जीत का पूरा श्रेय अपने कोच सतपाल गुलिया और माता-पिता को दिया है। गुलिया ने बताया कि लक्की इससे पहले भी राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुका है। वह एक मेहनती खिलाड़ी है और भविष्य में अपने देश के लिए पदक प्राप्त करके अपने देश का नाम रोशन करेगा। इण्डियन स्कूल के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने फोन पर खिलाड़ी को जीत की बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गाहल्याण ने बताया कि लक्की की उपलब्धि पर केवल माता-पिता, कोच बल्कि पूरे स्कूल स्टाफ व बच्चों को भी लक्की पर गर्व हैं।

# ट्रक ने बाइक सवार मां और बेटे को कुचला

## ■ सिवाह के पास ट्रक चालक ने पीछे से टक्कर मारी, हादसे के बाद फरार, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

नेशनल हाईवे 44 जीटी रोड पर सिवाह गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण उदेशीपुर गांव के मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उन्हें पास के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी देते हुए उदेशीपुर गांव निवासी सन्नी ने बताया कि उसका चचेरा भाई संदीप (21) अपनी मां मुकेश (44) के साथ संदीप की मौसी के पास सिवाह गांव में उनसे मिलने के लिए गए थे। जब वे जाते हुए सुबह करीब 10 बजे जीटी रोड पर पानीपत पुलिस लाइन के सामने पहुंचे तो पीछे से टक्कर मारते



हुए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। संदीप जीटी रोड पर भिगान चौक पर होटल में लगे बाहर झूलों को चलाने की नौकरी करता था। इसके साथ- साथ वह बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। संदीप परिवार का इकलौता वारिश था और घर में कमाने वाला भी इकलौता था। मृतक संदीप के पिता धर्मेंद्र की भी 18 साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। संदीप की बड़ी बहन डिंपी की हसनपुर गन्नौर के गांव में शादी हो चुकी है। तीन साल की उम्र में पिता को खोया, अब मां के साथ हुई भाई संदीप की मौत के बाद परिवार में अकेली रह गई मृतक संदीप की बहन डिंपी का रोरोकर बहुत ही बुरा हाल है। परिवार ने बहुत ही गरीबी में जीवन बिताया। अब परिवार में कमाने वाला संदीप ही था। परिवार उस पर ही निर्भर करता था। इसलिए उसने पढ़ाई के साथ साथ होटल में नौकरी शुरू की थी।

### बेटा गया, पोता गया, बहु गई अब में जीकर क्या करूंगी

संदीप की 90 वर्षीय दादी चलने व सुनने में असमर्थ होते हुए कहा कि अब कुछ नही बचा है। बेटा गया, पोता गया, बहु गई अब में जीकर क्या करूंगी , इससे अच्छा था कि भगवान उन्हें उठा लेता और रोने लगी। परिवार की महिलाओं ने बुजुर्ग को ढांढस बंधाया।

### कार की टक्कर में बाइक सवार की चली गई जान

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एटलस सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शहर के प्रभु नगर निवासी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि उसका बेटा आदित्य गुप्ता (21) किसी काम से अपनी बाइक पर सवार होकर किसी काम से कच्चे क्वार्टर जा रहा था। वह उसके पीछे अपनी स्कूटी पर जा रहा था। आदित्य जब एटलस रोड पर आइसीआइसीआइ बैंक के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार कार ने सामने से कट मारा। जिससे सीधी टक्कर बाइक में लगी। टक्कर लगते ही आदित्य सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

# पॉलीमर फैक्ट्री में आग लगी



**खरखौदा।** गांव पिपली स्थित कृष्णा पॉलीमर फैक्ट्री में वीरवार देर रात अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि दूर से ही आग की लपट उठती दिखाई दे रही थी। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने करीब साढ़े चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिलाभर से नौ गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में फैक्टरी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। पिपली में राजकीय महाविद्यालय के नजदीक कृष्णा पॉलीमर फैक्टरी में पॉलीमर रेजिन तैयार किया जाता है। इस फैक्टरी में देर रात करीब डेढ़ बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जैसे ही आग की लपटें उठीं तो फैक्टरी के सुरक्षा गार्ड ने इसकी सूचना फैक्टरी मालिक को दी। इसके बाद तुरंत दमकल विभाग को कॉल कर आग के बारे में जानकारी दी। सोनीपत, बड़ी औद्योगिक क्षेत्र, खरखौदा, राई व कुंडली स्थित दमकल केंद्रों से नौ गाड़ी मौके पर पहुंचीं और आग बुझाना शुरू किया। आग इतनी विकराल थी कि उसे बुझाने में साढ़े चार घंटे लग गए। आगजनी की सूचना पर जिले भरे से आई नौ गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

# ऑनलाइन साइट से बेची जा रही एमटीपी किट

■ जिला नोडल अधिकारी ने बेचने वालों के खिलाफ थाने में दर्ज करवाई शिकायत

**सोनीपत।** शहर में ऑनलाइन अवैध तरीके से एमटीपी किट बेचने का मामला सामने आया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर गठित टीम ने मामले का खुलासा किया है। टीम के जिला नोडल अधिकारी ने मामले को लेकर सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दो टीमों का गठन किया है। पुलिस टीमें मामले की जांच में जुट गई है। डॉ. सुमित कौशिक (जिला नोडल अधिकारी, पीसी एंड पीएनडीटी एमटीपी, सोनीपत) ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि ऑनलाइन तरीके से एमटीपी किट बेचने का कार्य चल रहा है।

### टीम का गठन

मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश पर टीम का गठन किया गया। जिसमें डासंदीप लठवाल (उप चिकित्सा अधीक्षक, डीसीएच सोनीपत) और संदीप हुड्डा (डीसीओ-आई, सोनीपत) की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। वहीं ऑनलाइन साइट मां तारा मार्केट बिना किसी पर्ची के मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी किट की ऑनलाइन बिक्री में लिप्त पाई गई। एमटीपी किट के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दिया गया था। एकार्ट डिलीवरी कंपनी के एक आकस्मिक डिलीवरी बॉय द्वारा आर्डर प्राप्त हुआ। जिसमें प्रतिबंधित दवाओं की अवैध किट थी। बिना किसी अधिकृत चिकित्सीय पर्ची के एमटीपी किट की इस अवैध बिक्री में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।






## हरियाणा बोर्ड की परीक्षाएं 27 से 25 को बांटे जाएंगे बस्ते

# जिले के 76 परीक्षा केंद्रों पर पेपर देंगे 14986 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ जिले में 14 परीक्षा केंद्र संवेदनशील और 7 केंद्र अति संवेदनशील

■ 10वीं के 8456 और 12वीं के 6,530 विद्यार्थी देंगे बोर्ड की परीक्षा

जिले में बोर्ड परीक्षाओं का दौर शुरू हो चुका है। अभी तक सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं चल रही थी और अब अगले सप्ताह से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की भी परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। हरियाणा बोर्ड ने परीक्षाओं के लेकर तैयारियां शुरू कर रखी है, जोकि अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। हरियाणा बोर्ड की परीक्षाओं लिये जिले में 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें से सबसे अधिक परीक्षा केंद्र सोनीपत ब्लॉक में बनाए गए हैं। वहीं जिले में कुल 21 परीक्षा केंद्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी। जिसमें से 14 संवेदनशील और 7 अतिसंवेदनशील केंद्र घोषित किए गए हैं। जिले में हरियाणा बोर्ड की 10वीं और 12वीं के 14 हजार 986 विद्यार्थी परीक्षा देंगें। बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगी, जिसकी डेटशीट पहले ही जारी कर दी गई थी। जिले में दोनों कक्षाओं के 14986 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें 10वीं कक्षा के 8456 और 12वीं कक्षा के 6530 नियमित विद्यार्थी हैं। परीक्षा को लेकर बोर्ड की तरफ से विद्यार्थियों के रोल नंबर भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए है। शिक्षा विभाग ने अब खंड स्तर पर बनाए गए परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की है। जिसमें सोनीपत खंड में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित परीक्षा संचालित करने के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड परीक्षा में नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों को 25 फरवरी को बस्ते वितरित किए जाएंगे। जिले में बनाए गए 76 परीक्षा केंद्रों में सबसे अधिक अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र गोहाना खंड में है। यहां बोर्ड परीक्षा को लेकर 22 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से कथूरा, भैंसवाल कला सहित पांच परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील श्रेणी में शामिल किए गए हैं। वहीं जिले के 14 संवेदनशील केंद्रों में से पांच केंद्र गोहाना खंड में ही है।

### कितने परीक्षा केंद्र

| खंड | केंद्र |
|---|---|
| गन्नौर | 12 |
| गोहाना | 22 |
| खरखौदा | 09 |
| सोनीपत | 33 |
| कुल | 76 |

### प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर अपलोड

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। प्रवेश पत्र में कोई त्रुटी है तो परीक्षा शुरू होने से पहले उसे ठीक करवाएं, ताकि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान कोई परेशानी ना आए। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अवकाश के दिन भी बोर्ड कार्यालय खुला रहेगा। -**अजय चोपड़ा**, बोर्ड सचिव, हरियाणा शिक्षा बोर्ड, भिवानी

### नकल रोकने के लिए व्यापक तैयारी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगी। जिसको लेकर 25 फरवरी को बस्ते वितरित किए जाएंगे। परीक्षाओं को नकलरहित संचालित करवाने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिले में बनाए गए सभी केंद्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं की जाएंगी। विद्यार्थियों को लगातार नकल न करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।
नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### प्रवेश पत्र की त्रुटियां करवाएं ठीक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं के बेहतर संचालन के लिए विद्यार्थियों को जरूरी निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा है कि सभी विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्रों की गंभीरता से जांच करें। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर परीक्षा से पहले ही बोर्ड कार्यालय से संपर्क कर उसे दूर करवाएं। प्रवेश पत्र में त्रुटी होने पर विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी का नाम, माता-पिता का नाम, हस्ताक्षर व फोटो सही होने चाहिएं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड ने शनिवार, रविवार व 26 फरवरी को अवकाश होने के बावजूद कार्यालय खोलने का फैसला किया है।




# यंगभूमि




# कंप्यूटर कोर्स से जुड़े हैं करियर के अनेक विकल्प



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

आज के समय में भारत में सरकारी नौकरी करना हर दूसरे युवा का सपना होता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ स्कील का भी होना बहुत जरूरी है। बता देते हैं कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में कंपटीशन काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसीलिए आज के समय में अगर आप सरकारी नौकरी के बारे में सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं है, इसके लिए आपको काफी लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना होगा। अगर आप कंप्यूटर कोर्स करते हैं, तो आपको सरकारी नौकरी में प्रायरिटी मिल जाती है क्योंकि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में भी कंप्यूटर कोर्स को शामिल कर दिया गया है।

## इसलिए जरूरी

वर्तमान समय में अलग-अलग विभागों में अनेक सारे ऐसे पर देखने को मिल जाते हैं। जहां पर कंप्यूटर कोर्स वाले आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं क्योंकि उन पदों पर केवल कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर चुके लोगों की ही आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों के तहत कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड जिन कोर्स की होती हैं। उन कोर्स की सूची इस प्रकार है

- कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
- मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर
- डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- मास्टर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर ऑफ साइंस (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- बैचलर ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (सिस्टम/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- ग्रेजुएट इन इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)

## टॉप कोर्स

**पांच ऐसे कंप्यूटर कोर्स है, जिसकी सरकारी नौकरी के लिए सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिल जाती है। यह उस सूची में टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स है जिसे आप करते हैं, तो आपको अच्छा वेतन मिलता है और बेहतरीन पद भी मिलता है। तो सरकारी नौकरी के लिए मांगे जाने वाले टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स इस प्रकार है ।**

**एडीसीए कंप्यूटर कोर्स :** अगर आप एक कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं तो यह कंप्यूटर कोर्स आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है क्योंकि इस कंप्यूटर कोर्स के अंतर्गत आपको कंप्यूटर एप्लीकेशन में एडवांस डिप्लोमा कोर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आपको कंप्यूटर का एडवांस नॉलेज हो जाता है और आप सरकारी नौकरी के तहत अच्छा वेतन प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि इस पोस्ट को 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। लेकिन यह कोर्स कंप्यूटर में रुचि रखने वालों के लिए ही उपयुक्त है विशेष रुप से कंप्यूटर कोर्स को विज्ञान के छात्र ही करते हैं।

**सीसीसी कंप्यूटर कोर्स :** इस कोर्स को आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। अगर आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद इस कोर्स को करते हैं, तो भी आप की सरकारी नौकरी लग सकती है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद आपको किसी डिग्री या डिप्लोमा कोर्स की आवश्यकता नहीं है। यह कोर्स 3 महीने की अवधि का है। इस कोर्स को आप नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी द्वारा कर सकते हैं। इस कोर्स में आपको कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया जाता है जिसमें कंप्यूटर की मूल बातें कंप्यूटर की प्रेजेंटेशन पैकेज के बारे में बताया जाता है। कंप्यूटर डिजिटल फाइनेंस के बारे में जाता है वर्ड प्रोसेसिंग और स्प्रेडशीट पैकेज के बारे में बताया जाता है।

**डीसीए कोर्स :** अगर आप दसवीं अथवा 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी करने का सपना देखते हैं। तो ऐसा तो काफी मुश्किल है क्योंकि आज के समय में विभिन्न प्रकार की डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करने के बाद भी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती है। लेकिन अगर आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद 6 महीने का यह कंप्यूटर कोर्स करते हैं। तो आपके सरकारी नौकरी लग सकती है बता देते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए जिन 5 कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिलती है उसमें डीसीए कोर्स भी शामिल है। इस कोर्स में इंटरनेट एप्लीकेशन के बारे में बताया जाता है ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताया जाता है इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सभी सर्विस का ज्ञान दिया जाता है।

**ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स :** कंप्यूटर कोर्स से सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सूची में यह कंप्यूटर कोर्स भी शामिल है। इस कंप्यूटर कोर्स को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए प्रदान करवाया जाता है। इस कोर्स में कंप्यूटर से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि यह कंप्यूटर कोर्स 1 साल का है। अगर आप इस 1 साल के कंप्यूटर कोर्स को करते हैं। तो आपको विभिन्न प्रकार के सरकारी नौकरियों के अवसर देखने को मिल जाते हैं क्योंकि यह आज के समय में सरकारी नौकरियों के तहत डिमांड वाला कोर्स है जिसके लिए सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियों की मांग होती है।

**पीजीडीसीए कोर्स :** यह एक कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स है यह कोर्स ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए है।तो अगर आप दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन कर चुके हैं और कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे बेहतरीन साबित होने वाला है। बता देते हैं कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप सरकारी नौकरी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्राइवेट सेक्टर में भी काम कर सकते हैं और सरकारी नौकरी से भी ज्यादा वेतन प्राइवेट सेक्टर में पार्ट टाइम काम करके भी प्राप्त कर सकते हैं या अपना खुद का एक ऑनलाइन काम भी शुरू कर सकते हैं। पीजीडीसीए कोर्स के तहत आपको सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सिखाया जाता है कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सिखाई जाती है और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिखाया जाता है।

## दुनिया में आज लगभग हर काम कंप्यूटर आधारित, नौकरियां भी भरपूर

# कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर की आज खासी डिमांड, कोर्स कर बनाएं करियर

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

### आजकल युवाओं की यहीं पहली पसंद

हार्डवेयर इंजीनियर की डिमांड आज के समय में काफी ज्यादा देखने को मिलती है क्योंकि आज का समय कंप्यूटर का जमाना कहा जाता है। आज के समय में पूरी दुनिया डिजिटलाइजेशन की तरह आगे बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक देश में प्रत्येक चैप्टर और सब जगह कंप्यूटर का इस्तेमाल हो रहा है क्योंकि कंप्यूटर एक ऐसी मशीन है जो विभिन्न प्रकार के तकनीकी से बनी हुई है और विभिन्न प्रकार के कार्य को आसानी से संपन्न कर देती है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर की डिमांड दुनिया भर में हर दिन तेजी से बढ़ रही है और आज के समय में लगभग प्रत्येक कार्य कंप्यूटर की मदद से किया जाता है। कंप्यूटर विभिन्न भागों से मिलकर बनता है, जिनमें 2 मुख्य भाग होते हैं। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सॉफ्टवेयर मुख्य रूप से कंप्यूटर का मस्तिष्क माना जाता है जो कंप्यूटर के अंतर्गत एक एप्लीकेशन के रूप में कार्य करता है, जबकि हार्डवेयर कंप्यूटर के बाहरी हिस्सों के रूप में हमें दिखाई देता है जो विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण शक्तियों के रूप में कंप्यूटर को दिशा निर्देश देता है और कंप्यूटर से कार्य करवाता है वह हार्डवेयर कहलाता है। आपने देखा होगा कि कंप्यूटर में कीबोर्ड, हार्ड डिस्क, मॉनिटर, सीपीयू इत्यादि विभिन्न प्रकार के भाग होते हैं यह सभी कंप्यूटर के हार्डवेयर कहलाते हैं। जिस तरह से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का निर्माण सॉफ्टवेयर डेवलपर करता है। ठीक उसी प्रकार कंप्यूटर के हार्डवेयर का निर्माण भी हार्डवेयर डेवलपर करता है। अगर आप अभी हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको निर्धारित किया गया कोर्स करना होगा, जिसके बाद ही आप हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।



## क्या है हार्डवेयर इंजीनियरिंग

हार्डवेयर इंजीनियर कंप्यूटर विषय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके अंतर्गत कंप्यूटर के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के हार्डवेयर का निर्माण करना होता है तथा उस हार्डवेयर के सेक्टर में नए-नए आविष्कार और नए-नए कार्य करने के लिए हार्डवेयर डेवलपर बनते हैं। कंप्यूटर के लिए हार्डवेयर सॉफ्टवेयर की भांति एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है, जो कंप्यूटर को आदेश या डिमांड प्रदान करता है। हार्डवेयर इंजीनियर एक महत्वपूर्ण कोर्स और पद माना जाता है। आज के समय में अधिकांश युवाओं द्वारा कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर इंजीनियर बनाने की उत्सुकता देखी जा रही है। अगर आप अभी पहले से ही कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी होगी। उसके बाद कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत 3 वर्ष का ग्रेजुएशन कोर्स और 2 वर्ष का पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करना होगा। उसके बाद 1 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स भी करना होता है। आज के समय में इस क्षेत्र में काफी करिए इसको देखा जाता है।

## हार्डवेयर इंजीनियर बनें

हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी के विषय में अच्छी समझ और रुचि होनी चाहिए तभी आप इस क्षेर में आगे बढ़ सकते हैं और कुछ महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी है। किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षण बोर्ड से 12वीं कक्षा पास कर सकते हैं। उसके बाद आपको कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत डिप्लोमा या डिग्री कोर्स करना होगा। इस कोर्स को पूरा करने के बाद इंटरशिप करें। इंटरशिप की सहायता से आपको करियर ग्रोथ तथा अनुभव के बारे में जानकारी मिलेगी, जो काफी महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए। इंटरशिप के बाद आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मास्टर डिग्री जरूर करनी चाहिए, क्योंकि इस डिग्री के बाद आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होती है और अच्छा पैकेज या अच्छी सैलरी मिलती है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पदों पर नौकरी मिलती है। ऐसे लिए आमतौर पर हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए मास्टर डिग्री भी की जाती है।

## कोर्स

कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्स निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार आप किसी भी कोर्स का चयन करके आगे बढ़ सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए निर्धारित किए गए कोर्स में से कुछ प्रमुख कोर्स इस प्रकार हैं।

- कंप्यूटर माइक्रो प्रोसेसिंग कोर्स
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर सीएएलसी
- मास्टर ऑफ साइंस इन हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- हार्डवेयर नेटवर्किंग कोर्स
- हार्डवेयर डिप्लोमा कोर्स
- कंप्यूटर हार्डवेयर स्ट्रक्चर
- कंप्यूटर सीएएलसी कोर्स

## करियर स्कोप

अगर आपने कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर लिया है तो अब आपको करियर स्कोप के तहत बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आज के समय में आपको विभिन्न प्रकार के नेटवर्क और तकनीकी से जुड़ी मल्टीनैशनल कंपनियों में और विभिन्न प्रकार के उद्योग में करियर स्कोप देखने को मिल जाता है जिनके नाम इस प्रकार हैं।

- आईटी एडमिनिस्ट्रेटर
- टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
- हेल्प डेस्क इंजीनियर
- कंप्यूटर टेक्निशियन
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर एडमिनिस्ट्रेटर
- कंप्यूटर आईटी टेक्निशियन

## शिक्षण संस्थान

हार्डवेयर इंजीनियर कोर्स आज के समय में काफी महत्वपूर्ण कोर्स बन चुका है। इसलिए आज के समय में भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान और कॉलेजों द्वारा इस कोर्स को करवाया जाता है। आप भी अपने राज्य के अंतर्गत नजदीकी शिक्षण संस्थान से हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर सकते हैं। भारत के कुछ प्रमुख हार्डवेयर डेवलपर बनने के कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थानों के नाम इस प्रकार हैं।

- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,त्रिची
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- एलएनएम इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर
- बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे

## योग्यता

- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री प्राप्त करनी होती है।
- भारत के किसी भी शिक्षण संस्थान से बिटसैट, केसैट, वैबजी इन सभी प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।
- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपकी रुचि कंप्यूटर साइंस और तकनीकी के क्षेत्र में होनी चाहिए और संबंधित कुछ अनुभव भी होना चाहिए।
- हार्डवेयर डेवलेपर बनने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है हेतू यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित किया गया न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा।
- कुछ यूनिवर्सिटी द्वारा मास्टर प्रोग्राम के तहत प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई जाती है।
- कुछ यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्कोर या अंक की मांग करती हैं।

## आवेदन प्रक्रिया

- आप जिस भी यूनिवर्सिटी से हार्डवेयर डेवलपर कोर्स करना चाहते हैं उस यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे।
- ऑफिशियल वेबसाइट पर अपने मोबाइल नंबर या ईमेल की मदद से अपना अकाउंट बनाएं तथा यूजरनेम और पासवर्ड प्राप्त करें।
- यूजरनेम और पासवर्ड की मदद से यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर लॉगिन करें।
- अब आपको यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर होम पेज पर ही विभिन्न प्रकार के कोर्स दिखाई देंगे, उनमें से अपने पास का चयन करें।
- कोर्स का चयन करने के बाद आपको आवेदन फॉर्म दिखाई देगा।
- आवेदन फार्म को सही और महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार भरें।
- आवेदन फार्म के साथ संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड करें।
- आवेदन फार्म के अंतर्गत आवेदन फीस ऑनलाइन भुगतान करें और अपना आवेदन सबमिट कर दें।
- निर्धारित तारीख को प्रवेश परीक्षा दे और सर्वाधिक अंक हासिल करें।
- मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त होने पर आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा।
- आप कोर्स करके हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना देश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत में राज्यों की राजनीति का शिक्षा प्रणाली पर गहरा और व्यापक प्रभाव पड़ता है। चूंकि शिक्षा संविधान के तहत एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें दोनों इसके लिए नीतियां बनाती हैं। हालांकि, शिक्षा का अधिकांश दायित्व राज्य सरकारों के पास होता है, जिसके कारण राज्यों की राजनीतिक प्राथमिकताएं, नीतियां और एजेंडे शिक्षा प्रणाली को सीधे प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ राज्य जैसे केरल और तमिलनाडु ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षणिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा को कम प्राथमिकता दी जाती है, जिससे वहां के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षा का निम्न स्तर देखने को मिलता है।

## पारदर्शिता की आवश्यकता

राजनीतिक एजेंडे के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव, भाषा के मुद्दे, और शिक्षकों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे कारक शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति और बजट आवंटन भी शिक्षा के स्तर को निर्धारित करते हैं। धनी राज्य शिक्षा पर अधिक खर्च करते हैं, जबकि गरीब राज्यों में शिक्षा का बजट कम होता है, जिससे राज्यों के बीच शिक्षा के स्तर में असमानता बढ़ती है। इस प्रकार, राज्यों की राजनीति भारत की शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और यह स्पष्ट है कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और पारदर्शिता की आवश्यकता है। भारत में शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए यह आवश्यक है कि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करे और सरकारी स्कूलों को एक बेहतर ढांचा प्रदान करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना न केवल सामाजिक न्याय का मुद्दा है, बल्कि यह देश के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की कमी, और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकारों को चाहिए कि वे शिक्षा के लिए पर्याप्त बजट आवंटित करें, शिक्षकों की योग्यता और प्रशिक्षण पर ध्यान दें, और स्कूलों में आधुनिक शिक्षण सामग्री और तकनीक का उपयोग सुनिश्चित करें। इसके अलावा, गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति, और पोषण योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यदि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा को प्राथमिकता देती है और सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाती है, तो भारत की शिक्षा प्रणाली में एक बड़ा सुधार संभव है।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

**राजनीतिक प्राथमिकताओं का प्रभाव :** राज्य सरकारों की राजनीतिक प्राथमिकताएं शिक्षा के क्षेत्र में निवेश और नीतियों को निर्धारित करती हैं। कुछ राज्यों में, शिक्षा को विकास का मुख्य आधार माना जाता है, जबकि अन्य राज्यों में यह राजनीतिक एजेंडे में पीछे रह जाता है। उदाहरण के लिए, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा के बजट को कम कर दिया जाता है, जिससे शिक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है।

**शिक्षा का राजनीतिकरण :** भारत में शिक्षा का राजनीतिकरण एक गंभीर समस्या है। राज्य सरकारें अक्सर शिक्षा पाठ्यक्रम को अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुसार बदल देती हैं। इतिहास, सामाजिक विज्ञान और साहित्य जैसे विषयों में परिवर्तन करके राज्य सरकारें अपने विचारधारा को बढ़ावा देती हैं। इससे छात्रों को एक संकीर्ण और पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण मिलता है, जो उनके समग्र विकास को प्रभावित करता है।

**शिक्षकों की नियुक्ति और भ्रष्टाचार :** राज्यों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अक्सर राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार होती है। योग्यता के बजाय राजनीतिक संबंधों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी हो जाती है।

**भाषा और संस्कृति का मुद्दा :** राज्यों की राजनीति में भाषा और संस्कृति का मुद्दा हमेशा से प्रमुख रहा है। कई राज्य सरकारें अपनी क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा प्रणाली का उपयोग करती हैं। हालांकि यह स्थानीय संस्कृति को संरक्षित करने में मददगार हो सकता है, लेकिन इससे राष्ट्रीय एकता और समान शिक्षा प्रणाली के लक्ष्य को नुकसान पहुंचता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अध्रिम

**उत्तर** 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### महायज्ञ से भौतिक और आध्यात्मिक लाभ : राजेश

**गन्नौर।** सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर राजेश स्वरूप ने कहा कि शिव स्तोत्र महायज्ञ दिव्य वैदिक एवं तांत्रिक अनुष्ठान है, जिसमें भगवान शिव के स्तोत्रों का पाठ कर विशेष यज्ञ किया जा रहा है। यह यज्ञ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, इसके मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक लाभ भी अद्वितीय हैं। यह यज्ञ विभिन्न दोषों के निवारण, सकारात्मक ऊर्जा के संचार और विश्व कल्याण के उद्देश्य से किया जाता है।

### नई शिक्षा नीति-2020 पर कार्यशाला आयोजित

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में शुक्रवार को नई शिक्षा नीति-2020 विषय पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति-2020 के महत्व व लाभों से अवगत कराना रहा। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में हिंदू विद्यापीठ के प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार व जीडी गोयनका स्कूल से पीजीटी एवं एचओडी अंग्रेजी नेहा शर्मा ने शिरकत की। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, प्राचार्य भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने रिसोर्स पर्सन का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

### संशोधन बिल को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**सोनीपत।** न्यायालय परिसर में बार एसो.ने बैठक कर अधिवक्ता संशोधन बिल, 2025 का विरोध किया गया। बैठक में चर्चा हुई कि अधिवक्ता संशोधन बिल का ड्राफ्ट बनाया गया है। यह बिल लागू किया गया तो अधिवक्ताओं के हितों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगा। उन्होंने इस बिल की प्रतियां जलाई और उपायुक्त को केंद्रीय कानून मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### दिव्यंगों को सहायक उपकरण वितरित किए

**गन्नौर।** गुमड़, अहीर मजारा व गढ़ी केसरी में शुक्रवार को एल्मिको आसरा सोनीपत द्वारा बुजुर्गों दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अध्यक्षता एलिम्को आसरा संचालक प्रवीन लांबा ने की। विधायक ने 284 बुजुर्गों को व्हीलचेयर, कान की मशीन व अन्य सामान बांटा। कादियान ने कहा कि जीवन सहायक उपकरण से वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगो की परिवार के अन्य सदस्यों पर उनकी निर्भरता कम होगी।

### छात्रों को योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया

**गोहाना।** शुक्रवार को राजकीय कालेज बड़ौता में महिला प्रकोष्ठ, खेलकूद विभाग और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय योगा वर्कशाप प्रारंभ हुई। संयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शान देवी और डा. कविता रानी ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डा. प्रदीप कुंडू ने की। महर्षि दयानंद विश्वविद्यलय रोहतक के खेल विभाग से योगा कोच मनीष कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### गीता विद्या मंदिर में मातृभाषा दिवस मनाया

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्थानीय गीता विद्या मंदिर में शुक्रवार कोा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इसका मूल उद्देश्य भाषा विज्ञान के बारे में जागरूकता, सांस्कृतिक विविधता तथा बहुभाषावाद को बढ़ावा देना रहा। छात्राओं ने गीत से विविध भाषाओं के प्रति जागरूकता हेतु संदेश दिया। दयानंद सदन की ओर से आचार्य पवन ने अंतर्राष्ट्रीय भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य अश्विनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि यूनेस्को द्वारा प्रति वर्ष 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है।

### रानी चेनम्मा की 295वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**गोहाना।** महम रोड स्थित गांधीनगर की गुरु रविदास चौपाल में शुक्रवार को रानी चेनम्मा की 295वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने रानी चेन्नम्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। समारोह में मदनलाल अत्री, प्रेम धानिया, जय भगवान पांचाल, वेदपाल बीरवाल, बलराज, ब्रह्म दत्त राठी, रामकुमार पांचाल आदि मौजूद रहे।

## गोहाना में एआईटीए टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन

# आदित्य मलिक ने टेनिस टूर्नामेंट में जीता अंडर-14 का एकल खिताब

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में विजेता का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी आदित्य मलिक ने भगत हंसराज टेनिस अकादमी, गोहाना में आयोजित एआईटीए टेनिस टूर्नामेंट के अंडर-14 आयु वर्ग के एकल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। उसने अपने दमदार व सधे हुए खेल से सभी को प्रभावित किया। स्कूल पहुंचने पर टेनिस खिलाड़ी आदित्य मलिक का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर ध्रुव जैन ने कहा कि छठी कक्षा का छात्र आदित्य मलिक पढाई के साथ खेलों में भी पूरे दमखम के साथ हिस्सा लेता है। उसने कड़ी मेहनत व लगन की बदौलत लान टेनिस में लगातार सफलता हासिल की है। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, नमिता, रेखा जैन, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी, कोच हिमांशु सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी टेनिस खिलाड़ी आदित्य मलिक को बधाई दी।



**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के टेनिस खिलाड़ी आदित्य विद्यालय के डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ। *फोटो :हरिभूमि*



लघुकथा लेखन की विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित।

### आने वाली पीढ़ियों को नैतिक दृष्टि से बनाए सशक्त

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के संरक्षण में एन.एस.एस प्रभारी मधुलता ने एकदिवसीय एन.एस.एस शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने छात्र-छात्राओं को एन.एस.एस के मुख्य उद्देश्य निस्वार्थ भाव से सेवा के साथ राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने एक दिवसीय शिविर के दौरान एन.एस.एस द्वारा संरक्षित पार्क, हर्बल पार्क की साफ सफाई व रखरखाव का कार्य किया। इस अवसर पर 'डिजिटल इंडिया' थीम पर आधारित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने गांव सिसाना के वृद्ध आश्रम में जरूरी समान वितरण कर बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर एन.एस.एस प्रभारी मधुलता ने स्वयंसेवकों को वृद्धों के प्रति आस्था के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में हमें अपने आने वाली पीढ़ियों को नैतिक व सामाजिक दृष्टि से इतना सशक्त बनाना होगा।

### लघु कथा लेखन में छात्रा महक अव्वल

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में हिंदी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्राचार्या डॉ.प्रमिला की अध्यक्षता में एक लघु कथा लेखन प्रतियोगिता विभाग प्रभारी डॉ. प्रमिला द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के रचनात्मक कौशल को विकसित करना था। महाविद्यालय की 30 छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर लघु कथा लिखकर अपने रचनात्मक लेखन कौशल का परिचय दिया। छात्राओं ने सामाजिक विषय, भाषा, प्रकृति, मानवता से संबंधित विषयों को अपने लेखन का आधार बनाया। इस अवसर पर प्राचार्या ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान नई शिक्षा नीति कौशल विकास पर आधारित है। इस नीति की दिशा में किए गए प्रयास सार्थक सिद्ध होते हैं। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा महक ने प्रथम, बीकॉम प्रथम वर्ष की रेनू और बीए प्रथम वर्ष की मुस्कान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। खुशी और नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तृप्ति और कुंजल ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ.सीमांत और डॉ.सारिका द्वारा निभाई गई। सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**सोनीपत।** पार्टी कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेते जितेंद्र बघेल साथ में अन्य।

## भाजपा ने एजुकेशन हब को एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया: बघेल

- पार्टी सह प्रभारी ने ली निगम के सभी वार्डो की मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस के स्टार प्रचार एवं पार्टी के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने शुक्रवार को सोनीपत पहुंचकर निगम के सभी वार्डों की बैठक ली। चुनाव से संबंधित दिशा निर्देश देते हुए कार्यक्रर्ताओं की जिम्मेदारी भी लगाई। जितेंद्र बघेल ने इस दौरान भाजपा को घेरते कहा कि भाजपा घोषणाओं तक सीमित रहती है। जबकि कांग्रेस सरकार धरातल स्तर पर कार्य करने पर विश्वास रखती है। कांग्रेस सरकार में सोनीपत को एजुकेशन हब बनाया है।

भाजपा सरकार ने एजुकेशन हब को एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने अपने कार्यकाल में अनेकों विकास कार्यों की सौगात सोनीपत को दी थी। जिसकी बदौलत आज सोनीपत की अधिकाश कालोनियों की गलियां पक्की है, पेयजल सुविधाएं है। इस दौरान पूर्व सांसद धर्मपाल मालिक, पूर्व विधायक पदम दहिया, अशोक छाबड़ा, प्रदीप गौतम, मेयर प्रत्याशी कमल दीवान, मेघा दिवान, सुरेंद्र पवार के पुत्र ललित पंवार, कमल पाराशर, प्रशांत शर्मा, जयभगवान आंतिल, रणजीत कौशिक, राजेश कौशिक, मनजीत गहलावत, राजीव सरोहा, अमनदीप शर्मा, देवेंद्र शर्मा, कमल हसीजा, प्रेम रेलन, प्रेम नारायण गुप्ता, संजय बड़वासनी, सतबीर निर्माण, नीलकंठ मुखीजा, सुनील कटारिया, मनोज बागड़ी, मनोज रिढ़ाऊ, करमबीर सरोहा, अनुज जैन, देवेंद्र हुडा, दिनेश हुडा, अनुज छाबड़ा, रामकरण जांगड़ा, मनीष सैनी, अनंत दहिया, विनोद बिन्नी भारद्वाज, राकेश नरवाल, ओंकार प्रधान, रवि कपूर, पवन बंसल, पवन गोयल, नीरज देशवाल, संतोष गुलिया, कमला मालिक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से प्रतिभा दिखाई

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा की स्वयं सेविकाओं ने शुक्रवार को थाना कलां गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का आयोजित किया। जिसकी कार्यक्रम अधिकारी (पी.ओ) डॉ पूनम यादव रही। कैंप की शुरुआत थाना कलां गांव के मंदिर में हवन करके की गई। जिसमें स्वयंसेविकाओं के अलावा गांव वासियों ने भी हिस्सा लिया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद प्रसाद वितरित किया गया। स्वयंसेविकाओं ने गांव वासियों के समक्ष कविता पाठ, गायन व नृत्य जैसी देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर प्रतिभा दिखाई। महाविद्यालय लौट कर स्वयंसेविकाओं ने भोजन तैयार किया। इसके बाद दो विस्तृत व्याख्यान हुए।कॉमर्स विभाग से डॉ योगिता मालिक और अर्थशास्त्र विभाग से डॉ मीनाक्षी ने व्याख्यान दिया। जिसका विषय था - डिजिटल इंडिया। कन्या महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ प्रमिला सात दिवसीय कैंप के लिए प्रोत्साहित किया।



**खरखौदा।** कैंप के शुभारंभ पर हवन करते स्वयं सेविकाएं।



**सोनीपत।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन किया

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में मातृभाषा दिवस के अवसर पर साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनिला नसियर, प्रियंका और अनिशा थीं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रदर्शन, कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। यह कार्यक्रम हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के साहित्यिक क्लब और नॉन टेक्निकल सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया था। प्रतियोगिताओं में 21 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रतिभागियों को संबोधित करते प्राचार्य डा. नवीन कुमार मलिक ने कहा भाषा के बिना मानव समाज की कल्पना करना मुश्किल है यह हमें भावनाओं, विचारों और अनुभवों को सांझा करने में सक्षम बनाती है। मातृभाषा हमारी संस्कृति, परंपराओं और पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों ने अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान और प्रेम को व्यक्त किया।

### कंठी माता मंदिर के पास जलभराव से परेशानी

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास पानी निकासी की समस्या से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। नगरपालिका ने इस समस्या के समाधान के लिए नाला निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लंबे समय से स्थानीय लोग इस जलभराव से जूझ रहे थे, जिससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा था, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी बढ़ रही थी। नगरपालिका अभियंता जयदेव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नाले को नए सिरे बनाया जा रहा है। नाले के निर्माण से यहां दूषित पानी के जमाव की समस्या से निजात मिलेगी। स्थानीय निवासियों के अनुसार गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास सड़क पर काफी दिनों से नाले का दूषित पानी एकत्रित हो रहा था। इसे रोकने के लिए पाइप दबवा कर दूषित पानी को जोहड़ में भेजा जा रहा था, लेकिन इसमें भी पाइप की सफाई न होने से अब यह भी जाम हो गया। वहीं वाल्मिकी मोहल्ले के पास भी नाला टूट गया था, जिससे लगातार सड़क पर बह रहा है। दूषित पानी के जमाव से उनका घरों से बाहर निकलना भी दुर्भर हो गया था। कई बार यह मुद्दा नगर पालिका के सामने उठाया गया।



कंठी माता मंदिर के पास जल निकासी के लिए बनाया जा रहा नाला।



**सोनीपत।** प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** टीका राम गर्ल्स कॉलेज के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य गीता की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक एवं क़ानूनी सैल के द्वारा स्पीच कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें जतिन, विनीत, प्रथम रहे। यूथ रेडक्रॉस सैल द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे हर्षिता ने बाजी मारी। मनोविज्ञान विभाग की रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान राणा प्रथम रही। विज्ञान विभाग द्वारा क्विज कम्पीटिशन में कीर्ति, स्वीटी, मुस्कान की टीम प्रथम रही। कंप्यूटर विभाग के पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन में अनुष्का प्रथम रही। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



**सोनीपत।** यज्ञ के दौरान उपस्थित प्राचार्य एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए हवन किया

**सोनीपत।** गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यालय के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अतुल खट्टर ने बताया कि 27 फरवरी से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक की परीक्षाएं आरम्भ हो रही है। इसलिए भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हवन में सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने अपनी आहुति दी। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर डॉ. सुमन लता, मीना, सीमा, सुदेश, सुमन, सीमा दहिया, रेखा आर्य, मीनाक्षी, रितु सैनी, सुदेश, कविता, प्रीति, सीमा, गीता आदि समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा होंगे युवा संसद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में शुक्रवार को 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग तथा मिनिस्ट्री ऑफ पार्लियामेंटरी अफेयर्स के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश करेंगी। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय युवा संसद 24 फरवरी को आयोजित होगी। इस कार्यक्रम में विवि के विभिन्न विभागों की 55 छात्राएं भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि युवा संसद राजनीति कौशल के लिए एक प्रशिक्षण का काम करता है और छात्राओं में नेतृत्व की प्रतिभा को जन्म देता है। प्रो. श्वेता सिंह ने तैयारी कर रही छात्राओं की संसदीय कार्यवाही को देखा और सराहा।



**गोहाना।** संसदीय कार्यवाही की रिहर्सल के दौरान छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया, विधि विभाग प्रभारी डॉ. सीमा दहिया भी मौजूद रहे।



**गोहाना।** कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते एएसओ देवेंद्र लांबा। *फोटो : हरिभूमि*

### फसल कटाई प्रयोग का प्रशिक्षण दिया

**गोहाना।** शहर में सोनीपत मार्ग स्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय में शुक्रवार को गोहाना, मुंडलाना और कथूरा खंड के विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एएसओ देवेंद्र लांबा ने कर्मचारियों को फसल कटाई प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। एएसओ के अनुसार किसी भी गांव में फसल की औसतन पैदावार की जानकारी प्राप्त करने के लिए फसल कटाई प्रयोग किया जाता है। इस समय गेहूं और सरसों की फसल का कटाई प्रयोग किया जाना है। अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी के साथ यह प्रयोग करें ताकि गांवों में फसलों की औसतन पैदावार का पता लगाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता एएसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने की। बैठक में डॉ. रामधन, ऑफिसर विनोद, टीए डॉ. विपिन सैनी, एसए राजबीर सिंह और आशुतोष सहित बीमा कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाबा मजलिस नाथ की जन्मस्थली गांव गंगेसर में यज्ञ व सत्संग

# धर्म, नैतिकता का संदेश देती है रामायण: नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

श्री श्री सिद्ध बाबा मजलिस नाथ की जन्मस्थली गांव गंगेसर में शिव मंदिर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। हवन में ग्रामीणों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर अपने परिवार व समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के बाद रामायण पाठ व भंडारा भी आयोजित हुआ।

सानिध्य गांव रभड़ा डेरे के योगी महंत चम्मन नाथ का रहा। उन्होंने कहा कि रामायण ग्रंथ से हमें कई शिक्षाएं मिलती हैं। रामायण हमें धर्म, नैतिकता, सही और गलत में पहचान, सामाजिक समरसता, अहंकार का त्याग, माताा-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने, मानवीय गुणों को अपनाने और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। संयोजन मजलिस डेरा सेवा समिति का रहा। समारोह में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक इंदुराज नरवाल, डॉ. कपूर नरवाल, दीनबन्धु सर छोटूराम समिति के अध्यक्ष प्रदीप चहल, आहुलाना बारहा अध्यक्ष मलिक राज मलिक, रणधीर चहल, सरपंच जस्सा बिचपड़ी, पूर्व सरपंच दलबीर, प्रमोद मलिक, तेजवीर लाठर, फूल लाठर, धर्मपाल अहलावत, राकेश शर्मा व अजय लाठर आदि मौजूद रहे। समारोह में महंत खड़ेसरी नाथ, श्री श्री 1008 बाबा भलेगिरी महाराज, बलबीर दास, चरणाई नाथ और प्रेमनाथ सहित अन्य संत-महात्माओं ने श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया और नेक नीयत से काम करने की प्रेरणा दी।



**गोहाना।** संतों से आशीर्वाद लेते छोटूराम विचार समिति के अध्यक्ष प्रदीप चहल व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते पियूष गोयल एवं अन्य।

### छात्रों को समझाया जीवन में निरंतरता का महत्व

**सोनीपत।** गेटवे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मोटिवेशनल स्पीकर और लेखक पियूष गोयल द्वारा एक प्रेरणादायक सत्र और प्राचीन वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपने करियर और सपनों के प्रति प्रेरित करना, माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने की भावना विकसित करना, तथा जीवन में निरंतरता के महत्व को समझाना था पियूष गोयल ने अपने अनूठे अंदाज में छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें यह संदेश दिया कि सफलता का आधार केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि लगातार प्रयास और दृढ़ संकल्प होता है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों और संघर्षों को साझा करते हुए बताया कि अगर व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहता है तो कोई भी बाधा उसे रोक नहीं सकती। इस अवसर पर आयोजित प्राचीन वस्तुओं की प्रदर्शनी ने भी छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। गेटवे इंस्टीट्यूट के छात्रों ने इस कार्यक्रम से गहरी प्रेरणा ली।

# बुनियाद लेवल टू : नीलम व नैतिक अव्वल, 150 अंक की थी परीक्षा

## जिले में 979 परीक्षार्थियों ने दिया था पर्चा, 337 पास, लेवल तीन की परीक्षा मार्च में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मिशन बुनियाद की लेवल 2 की परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा ली गई इस परीक्षा में 337 विद्यार्थियों ने बाजी मारते हुए लेवल 3 की परीक्षा के लिये क्वालीफाई किया है। वहीं जिले के लिये खुशी की बात ये है कि जिले में टॉप करने वाले नीलम और नैतिक ने प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल किया है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना की नीलम व गांव गढ़ी सराय नामदार खां स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के नैतिक ने 150-150 अंक प्राप्त किए हैं। जिले में टॉप पांच स्थानों पर गोहाना खंड के विद्यार्थी ही छाए रहे।

बता दें कि शिक्षा विभाग की महत्वकांक्षी योजना बुनियाद के तहत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के लिये तैयार किया जाता है। इस योजना के तहत लेवल-2 की परीक्षा 28 जनवरी माह में आयोजित की गई थी। जिले में बनाए गए चार केंद्रों पर लेवल-1 में उत्तीर्ण रहे 979 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जबकि 79 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे थे। शिक्षा विभाग की तरफ से शुक्रवार को जारी किए गए परीक्षा परिणाम में 979 में से 337 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। जिसमें 176 लड़कियां व 161 लड़के शामिल हैं। यह विद्यार्थी अब लेवल-3 की ओरिएंटेशन परीक्षा में भाग लेंगे। शेड्यूल के अनुसार लेवल-3 की ओरिएंटेशन परीक्षा 11 मार्च को आयोजित की जाएगी।

### लेवल-3 मार्च में

बुनियाद लेवल-2 का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। जिसमें जिले से 337 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। चयनित विद्यार्थी बुनियाद लेवल-3 की ओरिएंटेशन परीक्षा मे भाग लेंगे, जो मार्च माह में आयोजित की जाएगी।

**-सुरेंद्र सिंह,** जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत

### इन्हें मिली सफलता

| खंड | उत्तीर्ण | छात्राएं | छात्र |
|---|---|---|---|
| गन्नौर | 45 | 24 | 21 |
| गोहाना | 59 | 39 | 20 |
| कथूरा | 22 | 13 | 09 |
| खरखौदा | 32 | 14 | 18 |
| मुंडलाना | 29 | 13 | 16 |
| राई | 76 | 34 | 42 |
| सोनीपत | 74 | 39 | 35 |
| कुल | 337 | 176 | 161 |

### जिले में टॉप रहे स्कूल

| खंड | स्कूल | छात्राएं | छात्र | कुल |
|---|---|---|---|---|
| गोहाना | राजकीय कन्या वमावि | 12 | 00 | 12 |
| सोनीपत | राजकीय कन्या वमावि मुरथल अड्डा | 10 | 00 | 10 |
| गन्नौर | राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि | 06 | 03 | 09 |
| राई | राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि, | 04 | 05 | 09 |

### जिले में टॉप-3 विद्यार्थी

| विद्यार्थी | प्राप्त अंक | प्रदेश रैंक | विद्यालय |
|---|---|---|---|
| नीलम | 150 | 06 | राजकीय कन्या वमावि गोहाना |
| नैतिक | 150 | 06 | रामावि, गढ़ी सराय नामदार खां, गोहाना |
| मीनाक्षी | 146 | 06 | रामावि, गढ़ी सराय नामदार खां, गोहाना |
| लक्षिका | 136 | 12 | राजकीय कन्या वमावि, गोहाना |
| लक्ष्मी | 136 | 12 | रामावि, गढ़ी सराय नामदार खां, गोहाना |

## समारोह : गामड़ी में 21 मेधावी बेटियां सम्मानित

**गोहाना।** गामडी में नारी सम्मान समारोह के साथ रक्तदान शिविर और रोजगार मेले का आयोजन किया गया। समारोह में गांव की 21 मेधावी बेटियों को सम्मानित किया। समारोह दादरी माडल जिला बनाओ संगठन द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित किया गया। अध्यक्षता राजकुमार मोर व ज्योति चौहान ने की। मुख्य अतिथि सरपंच शीला मलिक और विशिष्ट अतिथि राजेश छोक्कर रहे। संयोजन संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल बलवान साहू का रहा। समारोह में स्वास्थ्य जांच शिविर में आईक्यू अस्पताल के चिकित्सकों ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की औऱ दवा वितरण किया गया। रोजगार मेले में शिवम आटो टेक, भगवान आटो, टाइटवेल व डायानामिक कंपनी के प्रतिनिधि प्रवीन, आकाश बजाड़ व शक्ति शर्मा ने युवाओं का साक्षात्कार लिया और 35 युवाओं को साथ काम करने के लिए चयनित किया।



**गोहाना।** ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए विशेषज्ञा।

इस अवसर पर कीर्ति, रामभतेरी, उर्मिला, मोनिका, सविता, सरिता, विवेक, नारायणी नेहा, सुमन आरती, अन्नू अत्री, मोनिका, कीर्ति शर्मा, स्वाति, मीना व बबली मौजूद रहे।

# भाजपा की कथनी और करनी में दिन-रात का अंतर : कमल दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान साथ में अन्य।

सोनीपत नगर निगम के लिये कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान ने कहा कि इस बार शहर के लोग भाजपा के बहकावे में नहीं आएंगें, क्योंकि लोगों को पता चला चुका है कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। ये झूठ बोलकर सत्ता में आते हैं और फिर पूरे 5 साल लोगों को पछताना पड़ता है।

कमल दिवान शुक्रवार को प्रगति नगर, ईदगाह, ओमेक्स, ककरोई रोड बाल्मीकि बस्ती, बाबा कालोनी आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान पहुंचें थे। सोनीपत नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार के लिए भाजपा जिम्मेदार है। प्रोपर्टी टैक्स लेकर फैमिली आई.डी. व पैंशन आदि के लिए लोगों को आए दिन कतारों में लगाकर तंग किया जाता है। ऑनलाइन का खेल खेलकर लोगों के धैर्य की परीक्षा ली जाती है। दिवान ने कहा कि आप इस बार मुझे मेयर बनाकर नगर निगम में भेज दें, मैं भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म कर दूंगा और शहर को चमकाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई से लेकर सीवर तक की समस्याओं से लोग परेशान रहे हैं और भाजपा विकास की बात करती है।

इस दौरान कमल दिवान की पत्नी मेघा दिवान ने भी शहर के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचकर डोर टू डोर व बैठकों के जरिये सीधा संवाद किया। मेघा दिवान ने कालूपुर, दहिया कालोनी, वैस्ट रामनगर, बैंयापुर, फैज बाजार व हलवाई हट्टा क्षेत्र में पहुंचकर लोगों से कमल दिवान के पक्ष में वोट की अपील की।

# प्रताड़ना मामले में पति को भेजा जेल

**गन्नौर।** खिजरपुर अहीर माजरा में विवाहिता अन्नू ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित पति ब्रिजेश को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित ब्रिजेश को अदालत में पेश किया जहां अदालत के आदेश पर उसे जेल भेज दिया। बता दें कि गांव बिशनपुरा, जींद की रहने वाली 28 वर्षीय अन्नु की शादी 10 फरवरी 2023 को दिल्ली में सिपाही के पद पर कार्यरत अहीर माजरा निवासी बृजेश के साथ हुई थी। पिता सुनील कुमार के अनुसार शादी के बाद से ससुराल पक्ष उनकी बेटी को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ति करते रहे। 19 फरवरी को अन्नु ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। अन्नु के पिता ने इस मामले को दहेज हत्या बताते हुए पति बृजेश, सास बाला देवी, ससुर राज सिंह, बड़ी ननद रेनू और छोटी ननद के खिलाफ थाना गन्नौर में केस दर्ज करवा दिया था। इसी मामले में अब गिरफ्तारी की गई है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा के मंदिरों से मिड डे मील व टैबलेट चोरी

**सोनीपत।** अलग-थाना क्षेत्रों में स्थित शिक्षा के मंदिरों से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मुरथल अड्डा स्थित राजकीय वमावि की अध्यापिका किरन ने पुलिस को बताया कि सुबह स्कूल की लाइब्रेरी हाल के ताले टूटे मिले। जांच की तो अलमारी क्षतिग्रस्त थी। उनमें रखे 10 टैबलेट गायब थे। जिनकी कीमत करीब 1.50 लाख थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। थाना प्रभारी सतबीर सिंह का कहना है कि आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।
वहीं गांव उल्देपुर स्थित राजकीय स्कूल से चोर मिड डे मिल का सामान चोरी कर ले गए। स्कूल में तैनात अध्यापिका मीनाक्षी ने पुलिस को बताया कि वह सुबह स्कूल आई तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर जांच की तो एक मिड डे मिल बनाने का पतीला, 20 थाली, 20 गिलास और दो पंखे गायब थे। रात को किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी उमेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# दुष्कर्मी को 20 साल कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



कुंडली थाना क्षेत्र में किशोरी को भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र (फास्ट कोर्ट) ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में दोषी मानते हुए 55 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक व्यक्ति ने 14 अगस्त 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी 10 वीं कक्षा में पढ़ती है। उसकी मां भी उसी स्कूल में नौकरी करती है। उसकी बेटी को हर रोज की तरह स्कूल में छोड़कर आया था। मिड-डे मील का खाना खाने के बाद उसकी बेटी स्कूल से लापता हो गई। अपने स्तर पर तलाश की तो जानकारी मिली कि मोहित निवासी रिटौली रोहतक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर उसे भगाकर ले गया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्यवाही करते हुए टीम ने लड़की को बरामद कर उसकी शारीरिक जांच करवाई थी।



## आशो धाम के पास विकसित की जा रही थी कॉलोनी, चला पीला पंजा

**सोनीपत।** गांव मुरथल में जीटी रोड से मुरथल रोड पर ओशो धाम के पास लगभग 4.5 एकड़ भूमि में कच्चा रोड़ नेटवर्क बनाकर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा हटा दिया गया। यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। तोड़फोड़ की कार्यवाही ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं ईन्फोरसमैन्ट स्टाफ व पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई। उपायुक्त ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में विकसित नहीं होने दिया जाएगा। नियमित तौर पर जिला के सभी क्षेत्रों में मोनिटरिंग टीमों द्वारा इस पर निगरानी की जा रही है और अवैध कॉलोनी विकसित करने की सूचना प्राप्त होते ही इस पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# शाश्वत चेतना स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

■ प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गढ़ी केसरी स्थित शाश्वत चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने नृत्य, गायन और नाटक की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि प्रेमचंद शर्मा, एडवोकेट अशोक शर्मा, स्वामी चेतना स्कूल के प्राचार्या डिंपल शर्मा, प्रबंधक दर्शन शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा व उप प्रधानाचार्या डा. प्रीति शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए छात्रों की मेहनत की सराहना की। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि प्रेमचंद शर्मा ने छात्रों को भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा दी।

प्रधानाचार्या डा. प्रीति शर्मा ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों, अभिभावकों का आभार जताया। डा. प्रीति शर्मा ने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेलो पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। इसी का परिणाम है कि खेलो में भी स्कूल के छात्र पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन कर रहे है। सबसे जरूरी छात्रों को संस्कारवान बनाने के लिए संस्कारों की शिक्षा दी जाती है।



**गन्नौर।** वार्षिक उत्सव में धार्मिक नाटक प्रस्तुत करते विद्यार्थी।



**गन्नौर** प्रबंधक दर्शन शर्मा, प्रधानाचार्या डा. प्रीति शर्मा मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विवि की छात्राओं ने सजाए कलश, दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे जयंती सप्ताह में शुक्रवार को कलश सज्जा कार्यक्रम आयोजित किया। छात्राओं ने कलशों को सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय की एनएसएस की समन्वयक डा. बबिता ने बताया कि कलश सज्जा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की 34 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को एलुमनी मीट पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।



**गोहाना।** चयनित छात्राओं को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

## विवि की दो छात्राओं को पढ़ते-पढ़ते मिली नौकरी

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग की दो छात्राओं ने अंतिम सेमेस्टर के दौरान ही नौकरी हासिल कर अपने विभाग व विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। देश की नामी कंपनी इन्फोसिस में चयनित छात्राओं को शुक्रवार को महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने सम्मानित किया।
कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं के सुनहरे भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभावान छात्राएं अन्य छात्राओं के लिए मार्गदर्शन का काम करती है और विवि की ब्रांड एम्बेसडर हैं। कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विनोद सरोहा ने बताया कि विभाग की अंतिम वर्ष की 29 छात्राओं ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार में 17 व 18 फरवरी को आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया। लिखित परीक्षा व इंटरव्यू को पास करने के बाद छात्रा मेधा चौधरी व आकांशा सिन्हा को इन्फोसिस कंपनी में सिस्टम इंजीनियर के पद पर नियुक्ति मिली है। इन छात्राओं को जून 2025 में ट्रेनिंग के लिए मैसूर में रिपोर्ट करनी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एक्रिडिएशन काउंसिल सेल के निदेशक प्रो. विजय नेहरा, उप निदेशक डॉ. अंशु भरद्वाज व कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग की चेयरपर्सन डॉ. सोनल बेनीवाल मौजूद रहे।

## डीसीआरयूएसटी में भवन निर्माण विज्ञान शहरी जलवायु पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के क्लाइमेटोलॉजी लैब, वास्तुकला और योजना विभाग, आईआईटी रुड़की के सहयोग से विश्वविद्यालय में 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला 25 फरवरी तक चलेगी। कार्यशाला में 55 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। डीसीआरयूएसटी, मुरथल के वास्तुकला विभाग द्वारा 21 से 25 फरवरी, 2025 तक भवन निर्माण विज्ञान और शहरी जलवायु पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को शहरी जलवायु, भवन भौतिकी और टिकाऊ डिजाइन रणनीतियों का गहन ज्ञान प्रदान करना है, जिससे लचीले शहरी विकास के लिए नवीन समाधानों को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यशाला को कुलपति प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह ने जलवायु-सचेत वास्तुशिल्प प्रथाओं को बढ़ावा देने में अकादमिक पहल के महत्व पर जोर दिया।

कार्यशाला संयोजक डॉ. मनोज पंवार एवं स्नेह ने बताया कि सत्र का नेतृत्व डीसीआरयूएसटी मुरथल के इन-हाउस विशेषज्ञों, क्लाइमेटोलॉजी लैब, आईआईटी रुड़की के पीएमआरएफ स्कॉलर्स और सीबीआरआई रुड़की के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम जलवायु-सचेत डिजाइन की व्यापक समझ सुनिश्चित करने के लिए जलवायु उत्तरदायी वास्तुकला, सतत वास्तुकला और सतत शहरी नियोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर करेगा। उद्घाटन सत्र में प्रो. रवि वैश, प्रो. ज्ञानेंद्र सिंह, प्रो. शैलजा सिकरवार, डॉ. ललित कुमार, डॉ. निर्मला आदि उपस्थित रहे।

# डेढ माह पहले मिला था शव, अब हुआ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के संदिग्ध हालत में टक्शन सिटी के फ्लैट नंबर 1303 के पास मिल शव को लेकर थाने के चक्कर काट रहे फौजी पिता के बयान पर डेढ़ माह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मृतक के पिता द्वारा तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने के आरोप की शिकायत दी है। इस संबंध में पुलिस ने तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस शुरुआत में युवक की मौत हो हादसा मान रही थी। पुलिस ने फिलहाल विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सबौली निवासी शमशेर सिंह ने गत 29 दिसंबर 2024 को बताया था कि वह बीएसएफ में कार्यरत है। हाल में उसकी डयूटी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लगी हुई है। वह अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। तभी उनके भांजे का फोन आया कि उसके बेटे पीयूष की मौत हो गई है। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि उनका बेटा कुंडली की टक्शन सिटी के फ्लैट नंबर 1303 के पास संदिग्ध हालत में मृत अवस्था में पड़ा था। उस समय सदमे में होने के कारण उसने वहीं बयान दिया जो पुलिस ने उसे बताया। उसने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई तो पता चला कि माहरा के गोविंद,मनप्रीत ,राकेश ने साजिश के तहत हत्या की है।

### की जा रही जांच

उच्च अधिकारियों की तरफ से मिले आदेशों पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**-देवेंद्र सिंह,** प्रभारी कुंडली थाना

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10 X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

आरोप | विवि प्रशासन जान-बूझ कर नहीं बना रहा है ईसी का मेंबर

# डीक्रूटा ने सौंपा विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन, ईसी सदस्य बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल की टीचर एसोसिएशन (डीक्रूटा) ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर यूनिवर्सिटी एक्ट के तहत फेकल्टी मेंम्बरस को ईसी कां सदस्य बनाने की मांग की। आगामी ईसी से पूर्व फेकल्टी मेंम्बरस को ईसी का सदस्य बनाया जाए, जो काफी समय से लंबित हैं। जिससे एक्जूक्टिव काऊंसिल में फेकल्टी मेंम्बरस का प्रतिनिधित्व रहे व एक्जूक्टिव काऊंसिल के निर्णयों में पारदर्शिता बनी रहे। विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार एक्जूक्टिव काऊंसिल में तीन डीनस आफ फेकल्टी व दो प्रोफेसरों को रोटेशन के अनुसार दो-दो साल के लिए एक्जूक्टिव काऊंसिल का सदस्य बनाने का प्रावधान है। विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार 6 सदस्य बाहर के संस्थानों से राज्यपाल द्वारा नोमिनेट किए जाते हैं। डीक्रूटा के प्रधान ने आरोप लगाया कि पिछले काफी समय से विश्वविद्यालय प्रशासन विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार एक्जूक्टिव काऊंसिल में डीनस आफ फेकल्टी व प्रोफेसरों को रोटेशन के अनुसार नोमिनेट करने में आनाकानी कर रहा है। एक्जूक्टिव काऊंसिल के सदस्य नोमिनेट नहीं होने के कारण फैसलों में पारदर्शिता नहीं आती है। डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन जान बूझकर अपनी मनमर्जी के फैसले लेने के लिए एक्जूक्टिव काऊंसिल के सदस्यों को नोमिनेट नहीं कर रहा है। जबकि सरकार की तरफ से सख्त निर्देश हैं कि विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार सदस्यों को नोमिनेट किया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछली ईसी जो 4 जुलाई 2024 में भी तीन डीनस आफ फेकल्टी व प्रोफेसरों को नोमिनेट नहीं किया था। बचे हुए दो डीन व प्रोफेसरों का समय भी अब खत्म हो चुका है। अब डीन व प्रोफेसरों की सभी पांच सीटे एग्जूक्टिव काऊंसिल में रिक्त हैं। जिनपर तुरंत नोमिनेट करने की आवश्यक्ता है। डीक्रूटा इस बारे में पहले भी विश्वविद्यालय प्रशासन को समय समय पर ज्ञापन सौंप चुका है। डीक्रूटा ने उम्मीद जताई की विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार अगली एग्जूक्टिव काऊंसिल से पहले इन सभी खाली सीटों पर डीन व प्रोफेसरों को नोमिनेट किया जाएगा व एग्जूक्टिव काऊंसिल के निर्णयों में पारदर्शिता लाई जाएगी।

श्रद्धांजलि सभा

स्व. श्रीमती राज सेठी
अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित किया जाता है कि
श्रीमती राज सेठी (पत्नी श्री अशोक सेठी)
का 19.02.2025 को स्वर्गवास हो गया है।
दिवंगत आत्मा की शांति के लिए रस्म पगड़ी दिनांक
22.02.2025, शनिवार को दोपहर 01:00 बजे से 02:00 बजे तक
गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा, सेक्टर-15, सोनीपत में होगी।
शोकाकुल
अशोक सेठी (पति), कपिल सेठी (पुत्र), आशीष सेठी (पुत्र),
भावना-गगन आहूजा (पुत्री-दामाद)
व समस्त सेठी परिवार
9812265580, 8570015000, 8570017000